Request to ban the release of hazardous chemicals and sewage water from textile industries into the river

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल **(**बाड़मेर**) :** सभापति महोदय, आपने मुझे राजस्थान के मारवाड़ के अति-महत्वपूर्ण मुद्दे मरु गंगा लूणी नदी के संरक्षण के संबंध में बोलने का मौका दिया । इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद व्यक्त करता हूँ । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूँ गा कि बालोतरा, जोधपुर, पाली टैक्सटाइल उद्योगों से खतरनाक रसायन युक्त और गंदे नालों का पानी नदी के अंदर छोड़ दिया जाता है । इसके कारण मरूगंगा के नाम से प्रसिद्ध लूणी नदी पूरे तरीके से दूषित हो चुकी है । मेरी आपके माध्यम से मांग है कि टैक्सटाइल फैक्ट्रियों को ऐसा न करने के लिए पाबंद करें । जोधपुर हाई-कोर्ट और एनजीटी के आदेश के बावजूद भी प्रशासन इसके ऊपर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है और फैक्ट्री मालिक मनमर्जी से गंदा पानी नदी के अंदर छोड़ रहे हैं । इससे किसानों के खेत दूषित हो चुके हैं । पीने का पानी और तालाब भी दूषित हो चुके हैं । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री सालेंग ए. संगमा जी ।

? (व्यवधान)